**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–विभिन्न विभागों में वर्षों से रिक्त पड़े पदों की जगह नए पद किए जा रहे सृजित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्थाओं का कर रही पतन।
- मुख्यमंत्री ने शिमला ज़िला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा–क्वार में करीब 12 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।

## समाचार विस्तार से............

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सरकार द्वारा निरंतर अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि विभिन्न विभागों में कुछ पदों को समाप्त किए जाने की सूचनाएं तथ्यों पर आधारित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों में पिछले कई वर्षों से अनेक पद कार्यशील नहीं है और उन पदों का वर्तमान आवश्यकताओं के आधार पर पदनाम बदला जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विभिन्न विभागों में जो पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं और जिनकी कोई प्रासंगिकता नहीं है उनकी जगह नए पद सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में 19 हज़ार से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पदनाम बदलना और नए पद सृजित करना निरंतर चलने वाली विभागीय प्रक्रिया है जिसे समय–समय पर विभाग पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 22 माह के कार्यकाल में निरंतर भर्तियां की हैं और नए पद सृजित किए हैं।

### जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन की जगह व्यवस्थाओं का पतन कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच लाख नौकरियां देने की गारंटी दी थी लेकिन इसके विपरीत डेढ़ लाख से अधिक पदों को खत्म कर बेरोजगारों के साथ धोखा किया है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में पलटू राम की सरकार चल रही है और अधिसूचनाओं पर लीपापोती कर ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार को जीरो परफॉर्मेंस वाली सरकार करार देते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो वायदे किए थे उसके विपरीत ही काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद हर चीज को बंद करने का काम किया है और दो साल में नौकरियां देने के मामले में सरकार अलग—अलग आंकड़े पेश कर रही है।

**कर्मचारी महासंघ**

इस बीच प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने भी सरकार के खाली पड़े पदों को समाप्त करने के फैसले पर हैरानी जताई है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार के फैसले लोगों को राहत देने के बजाए प्रताड़ित करने वाले नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने आस—पास अच्छे सलाहकार रखने चाहिए और इस तरह के फैसले लेने से पहले कर्मचारी नेताओं से भी बातचीत करनी चाहिए। वीरेन्द्र चौहान ने बिजली बोर्ड में 51 पदों को समाप्त करने और 81 चालकों को नौकरी से निकालने के फैसले को भी दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला ज़िला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा—क्वार में लगभग 12 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिमला ज़िला के लिए इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया और डोडरा—क्वार की 5 सौ 9 पात्र महिलाओं को एक अप्रैल 2024 से 12 महीने की सम्मान निधि जारी की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार डोडरा—क्वार की पांचों पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं लाएगी और जाखा तक सड़क बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है जिसे दिसम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की पंचायतों के विकास के लिए एक—एक करोड़ रूपये और उत्तराखंड को जोड़ने के लिए वैलीब्रिज के लिए साढ़े 4 करोड़ प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मज़बूती पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बाद में मुख्यमंत्री ने क्वार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर एक समीक्षा बैठक भी की।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शैक्षणिक व्यवस्था में मानवीय मूल्यों के समावेश और विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने पर बल दिया है। राज्यपाल आज तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर आयोजित नेतृत्व विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया गया है और इसके लिए कई प्रावधान भी किए गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों में भारतीय मूल्यों को स्थापित करके ही देश और समाज के लिए आदर्श नेतृत्व विकसित किया जा सकता है।

## सिकंदर कुमार

केन्द्र सरकार ने वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय से संबद्ध संसद सदस्यों की परामर्श समिति का गठन किया है। ये समिति वाणिज्य व उद्योग क्षेत्र से जुड़े मामलों पर अध्ययन कर इनमें सुधार के लिए सरकार को सुझाव देती है। केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है और हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार को समिति में शामिल किया गया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सिकंदर कुमार को संसद की दो अन्य अहम स्थाई समितियों का जिम्मा भी सौंपा गया है। उन्हें शिक्षा, महिला व बाल विकास, युवा व खेल की स्थाई समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके अलावा सिकंदर कुमार स्वास्थ्य व परिवार कल्याण की स्थाई समिति में भी शामिल हैं।

## सरकार गांव के द्वार

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए निर्णायक काम कर रही है और विकास योजनाओं का लाभ सभी लोगों को सुनिश्चित किया जा रहा है। ऊना ज़िले के हरोली विधानसभा क्षेत्र की बालीवाल पंचायत में आयोजित ''सरकार गांव के द्वार'' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि क्षेत्र में किसानों के लिए बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया करवाने के उद्देश्य से बीत क्षेत्र सिंचाई योजना–दो का निर्माण किया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को एक नई दिशा देने के साथ ही हजारों लोगों को रोजगार प्रदान करने में मददगार साबित होगी। इस बीच लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की चायली पंचायत के गड़ावग गांव में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की सड़कों को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है।

## यादविंदर गोमा

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। ये बात आज उन्होंने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की अंद्रेटा पंचायत में 45 लाख रूपये से निर्मित वन विभाग के विश्राम गृह के लोकार्पण के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। यादविंदर गोमा ने कहा कि क्षेत्र के पलम इलाके की 13 पंचायतों के लिए 34 करोड़ रूपये की लागत से पेयजल योजना निर्मित की जा रही

## मुख्य समाचार एक बार फिर’

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–विभिन्न विभागों में वर्षों से रिक्त पड़े पदों की जगह नए पद किए जा रहे सृजित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन नहीं बल्कि व्यवस्थाओं का कर रही पतन।
- मुख्यमंत्री ने शिमला ज़िला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा–क्वार में करीब 12 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे विचार।